# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

## लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## सोमवार, 23 मार्च, 2015/2 चैत्र, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न** - 13

----

### कम दामों पर बिजली उपलब्ध करवाना

797 **श्री हंस राज** (**चुराह**)**:**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार क्या प्रदेश में जल से पैदा हो रही बिजली भविष्य में स्थानीय लोगों को कम दामों पर देने का विचार रखती है; और

(ख) जिन लोगों को पुश्तैनी घराट हाइड्रो पावर प्रोजैक्टों की वजह से बंद करने पड़े हैं; सरकार क्या उन्हें रोज़गार उपलब्ध करवाने का विचार रखती है?

----

### मॉडर्न स्कूल की स्थापना

798 **श्री हंस राज** (**चुराह**)**:**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने मॉडर्न स्कूल खोले गए हैं तथा इन्हें खोलने के क्या मापदण्ड हैं ; ब्यौरा दें;

(ख) जिला चम्बा में कितने ऐसे स्कूल खोले गए हैं; विवरण विधान सभा क्षेत्रवार दें; और

(ग) यह सत्य है कि चुराह का मॉडर्न स्कूल जो खुश्नागरी पंचायत में है; आज भी बिना भवन के चल रहा है; यदि हां, तो सरकार कब तक इस स्कूल के लिए भवन निर्माण करने का विचार रखती है ?

----

## लाडा के अन्तर्गत धनराशि

799 **श्री हंस राज (चुराह)**:

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1.1.2012 से 31.12.2014 तक जिला चम्बा में Hydro Power Projects से कितना राजस्व LADA के अन्तर्गत एकत्रित हुआ; ब्यौरा चुनाव क्षेत्रवार दें;

(ख) चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र में LADA के अन्तर्गत एकत्रित राशि में से कितनी धनराशि खर्च की गई; विवरण पंचायतवार दें; और

(ग) इस में से कितनी धनराशि अन्य जिलों में खर्च की गई; ब्यौरा वर्षवार दें ?

----

## लम्बित जनहित याचिकाएं

800 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में जिला कुल्लू से सम्बन्धित कितनी जनहित याचिकाएं विभिन्न न्यायालयों के विचाराधीन हैं; सूची उनकी अद्यतन स्थिति सहित सभा पटल पर रखें ?

----

## ए0डी0एच0पी0एल0 में रोज़गार

801 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**:

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि Allain Duhangan Hydro Power Limited प्रीणी 192 मैगावाट परियोजना के अन्तर्गत निजी भूमि मालिक जिनकी भूमि अधिग्रहण या खरीद की गई के परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी गई;

(ख) यदि हां, तो कुल कितने लोगों को किन-किन शर्तों पर रोज़गार दिया गया; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ग) इस परियोजना में किस-किस व्यक्ति ने कितने-कितने समय तक काम किया और इनकी छंटनी प्रक्रिया कब प्रारम्भ हुई; और

(घ) छंटनी दौरान कितने लोगों को एक-मुश्त धनराशि देकर निकाला गया और कितने लोग छंटनी प्रक्रिया के बाद भी प्रबन्धन में काम पर रखे हैं; ब्यौरा नाम, पते सहित दें ?

----

## विभिन्न श्रेणियों की रिक्तियां

802 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**ः

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) मनाली विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पशु अस्पताल और डिस्पेंसरियां हैं; सूची सभा पटल पर रखें;

(ख) इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद सृजित हैं और कितने व कहां-कहां रिक्त हैं; विवरण दें; और

(ग) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## उद्योगपतियों द्वारा निवेश

803 **श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी)**ः

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक प्रथम जनवरी, 2008 से 31 अक्तूबर, 2012 तक प्रदेश में कितने उद्योगपतियों ने निवेश किया और इससे कितना रोज़गार प्रस्तावित था; और

(ख) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक प्रदेश में कितना निवेश किया गया और कितने उद्योग स्थापित किए गए; ब्यौरा दें ?

----

## राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण से मामला उठाना

804 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गत बजट सत्र के दौरान मांगों पर चर्चा के दौरान सदन में राष्ट्रीय उच्च मार्ग पण्डोह से मनाली तक फोरलेन न बनाकर डबल लेन बनाने का सुझाव दिया था;

(ख ) यदि हां, तो क्या सरकार ने मामले को National Highway Authority of India से उठाया था; ब्यौरा दें; और

(ग) विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में क्या-क्या कार्रवाई की गई और निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## भवन रहित पशु अस्पताल/औषधालय

805 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**ः

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला कुल्लू में चुनाव क्षेत्रशः कितने पशुपालन Hospitals एवं Dispensaries हैं; इनमें से कितने भवन रहित और कितनों के भवन निर्माणाधीन हैं; और

(ख) कितनी Dispensaries ऐसी हैं जिनके लिए धनराशि उपलब्ध है परन्तु निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया और कितनी ऐसी हैं जहां भूमि उपलब्ध है परन्तु धन उपलब्ध नहीं करवाया गया ?

----

## विश्राम गृह सतौन

806 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि लोक निर्माण विश्राम गृह सतौन में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या इसमें मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर दी गई हैं; यदि नहीं, तो कारण?

----

## पदपूर्ति

807 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा)**ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) विद्युत उप-मण्डल इन्दौरा, गंगथ, डमटाल में किस-किस श्रेणी के कितने-कितने पद रिक्त हैं; और

(ख) इन्हें कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## बस सेवा

808 **श्री विनोद कुमार (नाचन) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्राइवेट बस बाबा सर्विस मण्डी से सुन्दरनगर और सुन्दरनगर से धर्मद्वारा तक नियमित रूप से चल रही है; यदि नहीं, तो ब्यौरा कारणों सहित दें;

(ख) यह भी सत्य है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा बस सेवा कमान्द से सुन्दरनगर वाया स्यांजी, नौड़ा, स्यांज कोठी को बन्द कर दिया है; और

(ग) यदि हां, तो इसे बन्द करने का ब्यौरा कारण सहित दें और क्या सरकार इसे जनहित में पुनः चलाने का विचार रखती है?

----

## पुल निर्माण

809 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत नाण्डी पंचायत में खण्डैल पुल का निर्माण विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या इसकी DPR तैयार कर दी गई है; और

(ग) इस पुल के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

**शिमला : 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 7 मार्च, 2015.** **सचिव।**